卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 329 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦6 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## विधानसभा में दूसरे दिन भी हंगामा डेंगू और अतिक्रमण के मुद्दे उठे

देहरादून (उद संवाददाता)। विधानसभा मानूसन सत्र का दूसरा दिन भी हंगामेदार रहा। कांग्रेस ने सीएम पुष्कर सिंह धामी सरकार पर जमकर बोला। सत्र शुरू होने से पहले ही कांग्रेस विधायक बाहर धरने पर बैठ गए। अतिक्रमण, पूरे हरिद्वार को आपदा क्षेत्र घोषित करने सहित अन्य मुद्दों पर भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। सदन के बाहर कांग्रेस के विधायक धरने पर बैठे रहे। वहीं बिजली पानी समेत कई मुद्दों को लेकर सुराज सेवा दल के सैकड़ों कार्यकर्ता विधान सभा घेराव करने पहुंचे। पुलिस ने जुलूस को प्रगति विहार बैरिकेडिंग पर रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ नोंक झोंक हुई। सदन में दूसरे दिन प्रश्नकाल में उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने प्रश्न काल में डेंगू का मामला उठाया। जिसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने जवाब दिया। कहा कि अभी तक प्रदेश में डेंगू से 5 लोगों की हुई है। इनमें से तीन मरीज कैंसर से ग्रसित थे। बताया कि 1 सितंबर तक प्रदेश में 746 डेंगू पॉजिटिव पाए गए थे, जिनमें से 660 डेंगू मरीज उपचार के बाद स्वस्थ हो गए हैं। डेंगू से बचाव के उपचार पर स्वास्थ्य विभाग काम कर रहा (शेष पृष्ठ 7 पर)



## पेड़ से भिड़ी स्कॉर्पिओ दो की मौत, दो गंभीर

हरिद्वार(उद संवाददाता)। खानपुर से लक्सर की ओर जा रही स्कॉर्पियो सड़क किनारे पेड़ से टकरार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में वाहन में सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो घायलों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार देर रात खानपुर लक्सर मार्ग पर कस्बे के निकट एक स्कॉर्पियो गाड़ी सड़क किनारे पेड़ से भिड़ गयी। जिसमें सवार चार लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों की पहचान 28 वर्षीय सत्यवान पुत्र करण सिंह, निवासी चंद्रपुरी कला और 29 वर्षीय कमल पुत्र राजेश, निवासी माडाबेला के रूप में हुई है। जबकि 30 वर्षीय मुकेश पुत्र बल सिंह और 35 वर्षीय संजय पुत्र ओमप्रकाश माडाबेला गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से (शेष पृष्ठ सात पर)



## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा से भोजीपुरा जाते समय पुलभट्टा के पास बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। उसे किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे की खबर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक 36 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र स्व. मुंशीलाल निवासी पीपलसाना भोजीपुरा जिला बरेली यूपी मंगलवार की रात बाइक से घर भोजीपुरा वापस जा रहा था। पुलभट्टा फाइओवर के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। उसे उपचार के लिए किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक किच्छा ससुराल में आया था और वापस घर लौट रहा था। मृतक किसी निजी अस्पताल की एंबुलेंस का चालक था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पर परिवार के लोग भी पहुंच गए। मृतक के दो बच्चे हैं। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## विषपान से नव विवाहिता की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। जहरीला पदार्थ गटकने से गंभीर विवाहिता ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी निवासी संजीव राठी ने लगभग सात माह पूर्व अपनी 22 वर्षीय पुत्री शैली राठी का विवाह ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी निवासी रतन सिंह के पुत्र अनिल कुमार के साथ धूमधाम से किया था। अनिल राठी पिछले कुछ समय से इंग्लैंड में कार्यरत है। सूत्रों की मानें तो शादी के कुछ समय ठीक–ठाक बीते इसके बाद पति–पत्नी के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव हो गया। मृतका शैली राठी पति के विदेश जाने के बाद पिछले कुछ माह से मायके में रह रही थी। बताया जा रहा है कि बीते सोमवार को किसी बात से क्षुब्ध होकर नव विवाहिता ने विषैला पदार्थ गटक लिया। परिजनों को जैसे ही इसका पता चला उन्होंने तत्काल नव विवाहिता को बेहद नाजुक हालत में उपचार के लिए मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए आज सुबह नव विवाहिता ने दम तोड़ दिया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतका के परिवार में शोक की लहर है। विषैला पदार्थ खाकर दम तोड़ने वाली शैली राठी के पिता संजीव कुमार पिछले कुछ समय से तंजानिया (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में विवाहिता लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर चौकी क्षेत्र से एक विवाहिता बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला का पता लगाना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक दुर्गा कॉलोनी प्रतापपुर निवासी 26 वर्षीय अंजुम पत्नी सद्दाम हुसैन बीते 4 सितंबर की सुबह लगभग 10पर जनों को बगैर बताए घर से कहीं चली गई। देर तक वापस घर न लौटने पर परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर गायब महिला की तलाश किया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। (शेष पृष्ठ सात पर)

## अस्पताल के स्टाफ और चिकित्सकों के साथ मारपीट

काशीपुर(उद संवाददाता)। अस्पताल स्टाफ व चिकित्सकों के साथ गाली गलौज मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक आरोपी को नामजद करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मुरादाबाद रोड निवासी आयुष्मान हॉस्पिटल के निदेशक विकास गहलोत ने बताया कि बीते 5सितंबर को कुलदीप पुत्र बलजीत नामक युवक ने अस्पताल में कार्यरत वार्ड बॉय के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान जब अस्पताल (शेष पृष्ठ सात पर)

## हापुड़ की घटना के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

काशीपुर(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन की एक आवश्यक सभा बार एसोसिएशन के सभागार में संपन्न हुई जिसमें हापुड के अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किए गए बरबर लाठीचार्ज की भर्त्सना की गई तथा दोषी पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कर निलंबित करने की मांग की गई साथ ही देश में अधिवक्ताओं पर हो रहे अत्याचारों पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। अधिवक्ताओं ने न्यायालय गेट के सामने प्रदर्शन किया तथा पुलिस विरोधी नारे लगाए। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, संजीव आकाश, विवेक मिश्रा ने कहा जो अधिवक्ता समाज न्याय की परिभाषा को परिभाषित करता है उसके साथ पुलिस द्वारा ऐसा जुर्म जो अंग्रेजों के समय भी नहीं हुआ करता था होना इस बात का परिचायक है की सरकारो का पुलिस विभाग से अंकुश हट गया है। अधिवक्ताओं ने पुलिस द्वारा कचहरी प्रांगण से अभियुक्त को गिरफ्तार करने पर भी आपत्ति जताई। इसके बाद अधिवक्ता गण समस्त कार्यों से विरत रहे और फैसला लिया गया कि यदि शीघ्र हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए अत्याचार करने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई तो अधिवक्ता समाज सड़कों पर भी उतरने से गुरेज नहीं करेगा। इस मौके पर,शैलेंद्र कुमार मिश्रा ,रामकुमर सिंह चौहान ,अनिल शर्मा , कैलाश बिष्ट ,भास्कर त्यागी ,सनत पैगिया, विवेक मिश्रा, अब्दुल सलीम आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।



## इलेक्ट्रिशियन की मौत के मामले में सगे भाई समेत तीन नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल इलेक्ट्रिशियन की एसटीएच में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों को नामजद करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला विजयनगर नई बस्ती निवासी नईम पुत्र शरीफ अहमद ने बताया कि बीते 3 सितंबर की शाम लगभग 7 बजे वह अपने भाई फहीम अब्बासी के साथ मोटरसाइकिल से घर की ओर जा रहा था इसी दौरान गंगे बाबा रोड स्थित देसी मदिरा की दुकान के समीप पहले से खड़े प्रभु विहार कॉलोनी काशीपुर निवासी विकराल व विकास पुत्रगण स्वर्गीय धर्मपाल तथा अनुज कुमार पुत्र ब्रह्मपाल तथा दो अज्ञात लोगों ने मोटरसाइकिल रोककर उसके भाई के साथ गाली गलौज करते हुए कातिलाना हमला करते हुए उसे गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया एवं मुंह खोलने के एवज में जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मारपीट की इस घटना में उसके भाई को गंभीर चोटें आई जिसे उपचार के लिए एसटीएच में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अभी युक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में पिता पुत्र पर केस

काशीपुर(उद संवाददाता)। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने के एक मामले में पुलिस में तहरीर के आधार पर पिता पुत्र के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर रामनगर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले अंकित कुमार नामक युवक से पिछले 5 वर्षों से उसके प्रेम संबंध है। पीड़िता का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से अंकित शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता चला आ रहा है। बीते 15 जुलाई को अंकित उसे वृंदावन ले गया। वापस आने पर उसने मोबाइल बंद कर लिया। 30 जुलाई को जब पीड़िता ने अंकित से पूछा कि उसने मोबाइल बंद क्यों किया तो गला पकड़ कर उसने पीड़िता की बुरी तरह पिटाई की। शादी की बात पर वह साफ मुकर गया। पीड़िता के पिता ने जब इसकी शिकायत की तो आरोपी अंकित ने पीड़िता के पिता के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी(शेष पृष्ठ सात पर)

## तमंचे की नोक पर मांगा 50 हजार महीना गुंडा टैक्स

### यार्ड स्वामी और चौकीदारों पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बैंक की खिंची गाड़ियां अपने यार्ड में खड़ा करने वाले एक व्यक्ति से 10 हजार रूपये महीना गुंडा टैक्स वसूलने वाले बदमाशों ने 50 हजार गुंडा टैक्स की मांग करते हुए यार्ड स्वामी व चौकीदारों पर तमंचों तथा धारदार हथियारों उसे हमला कर दिया गया। मामले की रपट दर्ज कराए दी गई है। दर्ज रपट में अमित कुमार पाण्डेय पुत्र नारद पाण्डेय निवासी वार्ड 4 शुक्ला फार्म ने कहा है कि वह शुक्ला फार्म तीन पानी स्थित श्री श्याम मोटर्स का स्वामी है। वहाँ बैंको की खीची हुई गाडीयों खड़ी करने का अधिकृत यार्ड है। जहाँ वह स्वयं व उसके सिक्योरिटी गार्ड दिनेश राहुल आदि के साथ निवास भी करता है। उसका आरोप है कि भदईपुरा निवासी विकेश यादव पुत्र विजय बहादुर यादव, हेमन्त मिश्रा उर्फ मोनू पुत्र घनश्याम मिश्रा अपने 4–5 साथियों सहित कभी भी यहाँ पर आकर उसे धमकी देते थे कि बैंक की गाडियों हमारे मुहल्ले में खड़ी कर बैठे–बैठे ढेरो रूपया कमा रहे हो। उन्हें भी प्रति माह 10 हजार रूपये टैक्स चाहिये। उनसे जब पूछा कि ये 10 हजार किस बात का टैक्स है तो उन्होंने कहा कि गुंडा टैक्स नही दोगे तो तुम नहीं बचोंगे और न ही तुम्हारा कारोबार रहेगा। अमित का कहना है वह जान बचाने की खातिर 10 हजार रूपये प्रति माह विकेश यादव व हेमन्त मिश्रा को देने लगा। 31 अगस्त को सांय विकेश यादव हेमन्त, मिश्रा, अंकित थापा पुत्र प्रदीप थापा, सौरभ गंगवार पुत्र सुन्दर लाल गंगवार उसके यार्ड में आये और कहने लगे कि 31 तारीख होने पर भी कोई रुपया (शेष पृष्ठ सात पर)

## साईबर ठगों ने महिला के खाते से उड़ाये 1.65 लाख

किच्छा(उद संवाददाता)। एक महिला के खाते से साइबर ठगों द्वारा 1,65,000 की नगदी निकलने का मामला सामने में आया है जिसकी प्राथमिकी स्थानीय कोतवाली में दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद शाहिद पुत्र अब्दुल निवासी वार्ड नंबर 6 नई बस्ती ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उसकी माता का खाता बैंक में है जिसमें से अज्ञात ठगों द्वारा 1,65,000 निकाल लिया(शेष पृष्ठ सात पर)

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच शिक्षकों को सम्मानित किया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर मंगलवार को जिला कार्यालय में जनपद के शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले पांच शिक्षकों को प्राथमिक विद्यालय-प्रथम सितारगंज के चारू त्यागी वा राजकीय प्राथमिक विद्यालय शक्तिफार्म नम्बर-5 के अनिल शिष्ठ को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि शिष्यों में गुरूजनों के प्रति अच्छी भावना तथा गुरूजनों में जिम्मेदारी का होना दोनो ही बहुत जरूरी हैं। डीएम ने अपने बाल्यकाल के स्मरण सुनाते हुए



सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में जीआईसी ओडली में इंग्लिश विषय सहायक अध्यापक गुरदीप सिंह, जीआईसी शक्तिफार्म में कैमिस्ट्री के प्रवक्ता विनोद कुमार, जूनियर हाईस्कूल बिरिया मझोला के साइंस के सहायक अध्यापक सरस्वती पाल तथा राजकीय पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण को नमन करते हुए कहा कि शिक्षक सामाजिक विकास की मुख्य धुरी है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से ही शिक्षकों को विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भौतिकवादी युग में कहा कि गुरू न होते तो मैं न पढ़ता और न ही इस मुकाम तक पहुॅच पाता। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी गौतम, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत, जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम आदि उपस्थित थे।

# बाजपुर के 20 गांवों के मुद्दे पर बेहड़ ने विधानसभा में किया विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने मंगलवार को देहरादून में विधानसभा सत्र प्रारंभ होने से पहले विधानसभा कक्ष के बाहर बैठकर बाजपुर में चल रहे 20 गांव के आंदोलन भूमि बचाओ बाजपुर बचाओं के समर्थन में धरना दिया, तथा उनके द्वारा दिए गए धरने को विपक्ष ने भी एक मत होकर समर्थन किया उनके इस धरने में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य तथा पार्टी के उनके साथ इस धरने पर बैठे। सभी ने एक स्वर में सरकार पर दबाव बनाते हुई भूमि बचाओ बाजपुर बचाव के नारे लगाए तथा सरकार को अपने इस हिटलरशाही आदेश को वापिस लेने को कहा। इस दौरान विधायक बेहड़ ने बताया कि ऊधम सिंह नगर के बाजपुर में पूर्व जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर द्वारा वहां कि 5000 एकड़ भूमि में बसें 20 गाँवों के निवासियों को उनकी भूमि अवैध घोषित करके भूमि खाली करने के आदेश दिए है। जिन निवासियों को भूमि खाली करने के आदेश दिए है ये सभी उत्तराखण्ड के मूल निवासी है तथा इनमे से अधिकांश परिवार कई दशकों से यहाँ निवास कर रहे है। ऐसे में अकस्मात इनकों अपने आशियाने खाली करने का आदेश दे दिया गया है जो की न्यायसंगत नहीं है कई ऐसे परिवार भी है जिनकी कई समाजसेवी भी अपना समर्थन भारी मात्रा में दे रहे है और सभी मालिकाना हक दिए जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। बाजपुर के 20 गाँवों के साथ ही पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। तथा जब तक सरकार अपना हिटलरशाही आदेश



पीड़ियाँ यहाँ पर निवास कर रही है। बाजपुर के इन 20 गाँवों के द्वारा पिछले कुछ समय से भूमि बचाओ आन्दोलन के नाम से एक आन्दोलन चलाया जा रहा है जिसमे आस-पास के किसान तथा वापिस नहीं लेती तथा बाजपुर के 20 गाँवों को जो धरना दे रहे है उनको मालिकाना हक नहीं दिया जाता वे सरकार के खिलाफ ये लड़ाई सड़कों से लेकर विधानसभा तक जारी रखेंगे।

# अवैध लकड़ी के साथ एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व में संदिग्धों की धरपकड व गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आवास विकास रोड,स्मार्ट प्वाइंट वाली गली में गस्त कर रहे का0 कुन्दन सिंह को एक टैक्टर ट्राली अवैध सागौन की लकड़ी ले जाते दिखाई दी जिसे तुरन्त रोककर रात्रि अधिकारी में नियुक्त उपनिरीक्षक राकेश कठायत को फोन द्वारा अवगत कराया रात्रि अधिकारी द्वारा स्मार्ट प्वाइंट वाली गली में पहुंचकर रोके गये बिना नंबर के टैक्टर ट्राली स्वराज 855 के चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम गोविन्द सिंह राणा पुत्र पान सिंह राणा निवासी तिलपुरी थाना दिनेशपुर उधम सिंह नगर तथा लकड़ी कुन्दन सिंह राणा पुत्र विजय सिंह निवासी तिलपुरी नं0 01 थाना दिनेशपुर उधम सिंह नगर तथा हरदोई सिंह निवासी खेमपुर जनपद उधमसिंहनगर की होना बताया। लकड़ी के कोई कागजात भी उपलब्ध नहीं कराये। कागजात न दिखाने पर गोविन्द सिंह को धारा 26 वन अधिनियम के अपराध से अवगत कराकर हिरासत में ले लिया। आरोपी के कब्जे से भिन्न-भिन्न मापों के 24 गिल्टे सागोन के,टैक्टर मय ट्राली बरामद किए गए। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पांडे, उपनिरीक्षक राकेश कठायत,का.कुंदन सिह,एच0 जी0 गोपाल किशन ,बुध सिह,कय्यूम अली शामिल थे।



# गदरपुर के युवाओं ने आवारा पशुओं के गले में बांधे रेडियम रिफ्लेक्टर

गदरपुर(उद संवाददाता)। युवाओं ने आवारा पशुओं को बचाने की एक अच्छी तरकीब लगाई है।रात में अब गाड़ी की हेडलाइट जानवरों पर पढ़ते ही आदि जानवरों को रोड एक्सीडेंट से बचाने वाली शानदार मुहिम चला रखी है। गदरपुर के युवाओं का यह उपाय काफी पसंद आ रहा है। संदीप गुंबर ने पर रोशनी पढ़ते ही तेजी से चमकने लगता है रात में कर या बाइक से आते हैं तो दूर से ही दिख जाता है कि कोई जानवर सामने बैठा या चल रहा है





आप अलर्ट हो जाएंगे। दरअसल इन्होंने शहर के आवारा पशुओं के गले में वाटर प्रूफ रिफ्लेक्टिव कलर बांध दिए हैं। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संदीप गुंबर के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मंगलवार की रात्रि नगर में आवारा घूम रहे जानवर गाय बैल जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की रात्रि दर्जनों युवाओं के सहयोग से लगभग 50 आवारा जानवरों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टर पट्टी लगाकर जानवरो के गले में रिफ्लेक्टिव रेडियम कॉलर लगाएं उन्होंने कहा कि इन कोलर बेल्ट पर रेडियम की कोटिंग की गई है जिस जिससे दुर्घटनाओ में कमी आएगी। इस दौरान हरीश जेटली, जसवीर चीमा, अजीत शर्मा, पवन, कैलाश राणा, अर्जुन राय, उमाशंकर, विकास, विवेक, अजय, विवेक शंकर, नीरज विश्वास, मनीष कन्हैया, विशाल राजू दयाल मंडल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुचेतना संस्था ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शिक्षक दिवस पर सुचेतना समाज सेवा संस्था से जुड़े हुए बच्चे और बालिकाओं व ग्रामीण लोगों ने सुचेतना संस्था की शारदा समाजसेवी सपना, सनम, पूजा, दीपाली, करिश्मा के साथ मिलकर बच्चों और बालिकाओं ने केक कटवा कर तथा उन्हें पुरस्कारदेकर सम्मान किया। साथ में ही सिस्टम शारदा ने बाल विवाह और प्रसव पूर्ण प्रशिक्षण दिया। समाज सेविका सपना ने महिलाओं और किशोरियों बच्चों को शिक्षा के महत्व पर बताया कि हमारे जीवन में शिक्षा का कितना महत्व है साथ में ही सरकारी स्कूल की सुविधाओं के बारे में बताया तथा माता-पिता के सम्मान



के लिए समझाया गया बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाएं। साथ में ही संस्था के डायरेक्टर फादर डेरिक पिंटू ,महिला कोऑर्डिनेटर प्रीति, फादर अरुण के साथ रुद्रपुर की समाजसेविकाओं ने बड़ी धूमधाम के साथ शिक्षक दिवस मनाया। रुद्रपुर केंद्र की कार्यकर्ताओं ने पुरस्कार देकर तथा ग्रेडिंग कार्ड उपहार में दिए और हमेशा शिक्षक के मार्गदर्शन पर चलने का निर्णय लिया।

# अंडर 14 व 17 जूनियर बालक वर्ग फुटबॉल टीम का ट्रायल 9 से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के अनुसार सब जूनियर एवं जूनियर बालक वर्ग अंडर 14 ( 1 जनवरी 2010 से लेकर 31 दिसंबर 2011 तक) एवं अंडर 17 ( 1 जनवरी 2008 से लेकर 31 दिसंबर 2009 तक) राष्ट्रीय स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता जो आगामी 24 सितंबर से 5 अक्टूबर तक मध्य प्रदेश एवं आंध्र प्रदेश में आयोजित होगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य की अंडर 14 एवं अंडर 17 बालक वर्ग की टीम भी प्रतिभाग करेगी। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन महासचिव अख्तर अली ने बताया कि राज्य की टीम का चयन ट्रायल एमेनिटी पब्लिक स्कूल रूद्रपुर में 9 एवं 10 सितंबर को अंडर 17 बालक वर्ग एवं 10 व 11 सितंबर को अंडर 14 बालक वर्ग का ट्रायल रखा गया है। चयन ट्रायल के तत्पश्चात दोनों वर्गों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें से राज्य की दोनों वर्गों की टीम का चयन होगा। जो भी प्रतिभागी इस चयन ट्रायल में प्रतिभा करेगा वह अपने साथ उत्तराखंड राज्य का स्थाई निवास जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज कलर फोटोग्राफ्स की मूल प्रति लेकर आएगा

# सिटी मजिस्ट्रेट ने किराना स्टोर में पकड़ी अवैध शराब

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक ओर पुलिस और आबकारी विभाग अवैध शराब पर पूरी तरह से अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं तो वही दूसरी ओर सिटी मजिस्ट्रेट एक के बाद एक छापेमारी कर दुकानों से अवैध शराब बरामद कर रही हैं। जो पुलिस और आबकारी विभाग को उनकी भ्रष्ट कार्यप्रणाली को आईना दिखा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बरेली रोड में पलाडिया जनरल स्टोर में आबकारी विभाग के सयुक्त अभियान के साथ ऑयचाक छापेमारी कर अवैध शराब बरामद की। बताया जाता है कि बरेली रोड में पंकज पलडिया एक किराना स्टोर चलाता है। दुकान की आड़ में वह अवैध शराब का कारोबार कर रहा था। जिसकी सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने आबकारी विभाग के साथ दुकान पर दबिश दी और मौके पर 202 देसी पव्वे और विदेशी शराब बरामद की। पंकज के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली की पोल स्वत: ही खुलकर सामने आ गई है। आम जनता का कहना है कि जो कार्य पुलिस व आबकारी विभाग को करना चाहिए वह एक प्रशासनिक अधिकारी पिछले काफी समय से कर रही हैं। जी इन विभागों के जिम्मेवार अधिकारियों के लिए शर्म की बात है। चर्चा यह भी है कि कही न कही विभागीय मिली भगत से ये अवैध कारोबार चल रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने कहा कि अवैध शराब बिक्री नही होने दी जाएगी।



# खाली बाल्टियों के साथ जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेन्द्र नगर वार्ड 12 राजपुरा पड़ाव में पेयजल संकट से जूझ रहे स्थानीय लोगों में आक्रोश भड़क गया। रोषित लोंगो ने युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में खाली बाल्टी डिब्बों के साथ जल संस्थान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते जमकर प्रदर्शन कर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किये। हेमन्त साहू ने कहा एक महीने में दो बार ट्यूबवेल खराब होने से विभाग के प्रति लोगों मे भारी रोष है। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों को भी पानी के लिये दूर तक भटकना पड़ रहा है। विभाग द्वारा पर्याप्त संख्या में टैंकर नही भेजे जाने से प्यास से लोगों का गला सूख रहा है। जेई द्वारा प्रभावित इलाके का मौका मुआयना नहीं किया जा रहा है।जिससे लोगों में रोष है।महिलाओं ने चेतावनी दी तत्काल व्यवस्था ठीक नही होने पर विभाग में ताला बन्दी की जायेगी। प्रदर्शन करने वालों में प्रीती आर्या, विशाल मंडल, शिवानी बाल्मिकी, चंचला मिस्त्री, ज्योति बाल्मीकि, जसोदा जाटव, रेशमा देवी, चंद्रपाल गुप्ता, बबिता देवी, कु.नेहा, ज्योति देवी, रामकुंवर, मदन लाल, सुशील राय समेत दर्जनों लोग थे।






# डीएम ने दिखाई दूरदर्शिता, नजूल नीति के लिए बनाई प्रभावी रणनीति

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नजूल नीति के अन्तर्गत प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाकर कार्य करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नजूल नीति के अन्तर्गत भूमि फ्रीहोल्ड करने हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा के दौरान जिला कार्यालय सभागार में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि फ्री-होल्ड करने हेतु घर-घर जाकर अभिलेखों का परीक्षण करते हुए पत्रावलिया मौके पर ही पूर्ण कराई जायें। प्रतिदिन कम से कम 40 आवेदन पत्र अवश्य पूर्ण कराये जाये। उन्होंने सर्वे कर रही टीमों कार्य प्रणाली पर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश नगर आयुक्त, एसडीएम, तहसीलदार को दिये। उन्होंने फ्री-होल्ड प्रक्रिया को वृहद्ध अभियान के तौर पर संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व, विद्युत, सिंचाई, लोनिवि, नगर निगम एवं पालिकाओं आदि विभागों को आपसी समन्वय से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नगर निगमों एवं नगर निकायों में शामिल ग्राम पंचायतों के भू-अभिलेख सम्बन्धित निकायों के पास सुरक्षित हों। जिलाधिकारी ने भूमि सम्बन्धी सत्य प्रतियां 15 दिन के भीतर सम्बन्धित निकायों में उपलब्ध कराने के निर्देश सभी उप जिलाधिकारियों को दिये। उन्होंने सत्य प्रतियों के आधार पर निर्धारित प्रारूप पर सम्पत्ति रजिस्टर तैयार करने के निर्देश सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों को दिये।



उन्होंने पालिकाओं की खाली भूमि की घेराबन्दी करने के निर्देश भी अधिशासी अधिकारियों को दिये। बैठक में उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकर हरीश काण्डपाल, अपर जिलाधिकारी नजूल एवं प्रशासन जय भारत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार जोशी, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा, ओसी कलैक्ट्रेट अमृता शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।




# तहसील दिवस पर डीएम ने जीता फरियादियों का दिल

गदरपुर (उद संवाददता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को ब्लॉक सभागार में आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में सड़क, बिजली, सिंचाई, भू-कटाव, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, पीएम आवास योजना में आवास चाहने आदि से सम्बन्धित 56 शिकायतें एवम मांग पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण करवाकर फरियादियों का दिल जीत लिया। इस दौरान डीएम ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता की कोई भी समस्या हो, उसका व्यक्तिगत रुचि लेकर समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने फील्ड कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे अपनी कार्य संस्कृति तथा व्यवहार से जनता में और अधिक विश्वास पैदा करें ताकि फरियादी निचले स्तर की समस्याएं लेकर उच्चाधिकारियों के पास फरियाद लेकर न पहुँचे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जो समस्या जिस स्तर की है, उसी स्तर पर समस्या का समाधान हो जाना चाहिए। डीएम ने कहा कि तहसील दिवस में जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन समस्याओं को सम्बन्धित विभागों को हस्तगत किया जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समबद्धता एवं प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें और कृत कार्यवाही से फरियादियों को भी अवगत कराना सुनिश्चित करे। प्रमुख समस्याओं में गदरपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखण्ड में भी मण्डी शुल्क एवं विकास सेस में छूट की मांग करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में शुल्क एवं सेस में कमी के कारण किसान अपनी उपज उत्तर प्रदेश की मण्डियों में ले जाता है, जिससे राज्य का कारोबार प्रभावित होता है और राज्य को भी घाटा होता है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पहलुओं का परीक्षण कराते हुए शासन से पत्राचार किया जायेगा। आढ़ती एसोसिएशन ने ठण्डी नदी के कारण अनाज मण्डी में जल भराव से होने वाले नुकसान की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को जल भराव से निजात हेतु नदी चौड़ीकरण आदि की कार्यवाही करने व आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। हरि शकर ने गोपाल नगर में कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था करने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कूड़ा निस्तारण हेतु चिन्हित भूमि की नाप-जोख करते हुए राजस्व विभाग को कब्जा दिलाया जाये ताकि कूड़े का उचित निस्तारण किया जा सके। बाबू हुसैन ने वृद्धावस्था पेंशन की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को जांच कर, आय प्रमाणपत्र निर्गत करने तथा समाज कल्याण अधिकारी को सभी औपचारिकताएं पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ग्राम प्रधान गजेन्द्र बिष्ट ने नाला सही कराने की मांग की, जिस पर डीएम ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को मनरेगा से लिंकेज करते हुए आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। राहुल चन्दौला ने वाहन दुर्घटना में मृत अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को तत्काल आपनी जांच आख्या देने तथा ग्राप पंचायत विकास अधिकारी को नियमानुसार प्राथमिकता से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिये। बाल चन्द्र ने स्वतंत्रा संग्राम सेनानी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने सीएससी व जन सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदक को आवेदन करने तथा उप जिलाधिकारी को आवेदन पर प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। तहसील दिवस में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पंचायतीराज, समाज कल्याण, पशुपालन, पूर्ति, गन्न विकास, कृषि, मत्स्य, राजस्व, ग्राम्य विकास, बाल विकास, आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। तहसील दिवस में बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखिजा, मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डे, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार आदि उपस्थित थे।

## गदरपुर राईस मिलर्स एसोसिएशन ने की उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखण्ड में भी मण्डी शुल्क एवं विकास सेस में छूट की मांग






# शिक्षक दिवस पर प्राचार्य सतविंदर कौर सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमे छात्राओं ने शिक्षिकाओं के लिये अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य डा. सतविन्दर कौर ने अपने सम्बोधन मे कहा कि शिक्षक ज्ञान का मार्ग है, वो सिर्फ किताबो की पढ़ाई नही कराते बल्कि उनका गहरा अध्ययन व अनुभव जीवन जीना सिखाते है। इस दौरान इनरव्हील क्लब एवं रोटरी क्लब की अध्यक्षा श्रीमती हरिन्दर बहल, श्रीमती लक्ष्मी अग्निहोत्री, श्रीमती नीलम राय, श्रीमती रुकमण अग्रवाल, श्रीमती रश्मि सिंघला, श्रीमती विनीता, श्रीमती परविन्दर चिलाना, श्रीमती दविन्दर ने महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सतविन्दर कौर को उनके शिक्षा सेवा में योगदान के लिये सम्मानित किया। उनकी लिखी किताबों एवं डी. लिट की मिली डिग्री के लिए भी बधाई दी। इस मौके पर डा. शिल्पा, डा. चंपा जग्गा, श्रीमती रजनी गुलाटी को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्षा श्रीमती हरिन्दर बहल ने सभी शिक्षिकाओ के समर्पण और मेहनत की अपने सम्बोधन में प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन डा. चम्पा जग्गा ने किया। कार्यक्रम में डा. श्वेता सिंह, डा. नीमा पाठक, श्रीमती सोनियों, गुंजन, श्रीमती रेखा, श्रीमती नीतू, श्रीमती प्रेरणा, डा. भावना जोशी, डा. नीतू, डा .नेहा, श्रीमती नेहा, कु. रश्मि, डा. विद्या, डा. सुगन्धा, डा. रेखा, डा. ज्योति अरोरा आदि मौजूद थे।



# सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस में छात्रों ने मनाया शिक्षक दिवस

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मोत्सव पर सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बड़े धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर शिक्षक सुजीत सर ने बच्चों को शिक्षक दिवस के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। प्रत्येक कक्षाओं से हेड बॉयधर्मेंद्र सिंह, ध्रुव मंडल, सौरभ मंडल, अभिजीत तथा हेड गर्ल के रूप में आंचल टिकेदार, सुमन सरकार, प्रतिभा राय, जमुना आदि ने भूमिका निभायी। इस अवसर पर शिक्षक समेत सभी छात्रों ने डा. राधाकृष्णन जी के फोटो प्रतिमा पर फूल चढ़ाएं। कुछ छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर संस्था से विगत वर्ष उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं व सत्र 2011-12 से 2022-23 तक के सभी सफल अंग्रेजी साहित्य के छात्र-छात्राओं ने शुभकामनाएं व बधाई दी। कुछ टॉपर छात्रों - देवाशीष मंडल, प्रकाश मंडल, सुदिप्ता रॉय, सूरज मंडल, अंकित सरकार, अमृता राय, पलाश मंडल, अभिजीत सरकार, अंशिका कक्कड़, अमनजीत सिंह आदि के कठिन परिश्रम व सफल होने की गाथा को वर्तमान छात्रों के साथ साझा किया गया। अध्यापक सुजीत ने यह घोषणा की कि जिन छात्र-छात्राओं का हाई स्कूल में अंग्रेजी में 95 अंक हो तो आगे की पढ़ाई निशुल्क प्रदान की जाएगा



# 17 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को मिला शैलेश मटियानी पुरस्कार

## सीएम ने की शैक्षिक पुरस्कार सम्मान राशि को 10 हजार से 21 हजार किये जाने की घोषणा

देहरादून (उद संवाददाता)। शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन में ''शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार'' सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने वर्ष 2022 में शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कारों के लिए चयनित 17 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। वर्ष 2022 में चयनित 10 प्रारम्भिक शिक्षक, 06 माध्यमिक शिक्षक एवं 01 शिक्षक प्रशिक्षक को यह सम्मान प्रदान किया गया है। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात उनका दायित्व और भूमिका और भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि राज्य शैक्षिक पुरस्कार से चयनित उत्कृष्ट शिक्षक अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमारी परंपराओं में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और वे माता-पिता के बाद बच्चों के सच्चे पथ प्रदर्शक होते हैं। हम सभी को जो भी ज्ञान प्राप्त होता है वह गुरु की ही कृपा से संभव होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही बच्चों के भविष्य को सही दिशा में ले जा सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि 2047 तक भारत को विश्वगुरु और सर्वश्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में शिक्षकों की अहम भूमिका होगी। राज्यपाल ने कहा कि हमारे यशस्वी शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्वर्णिम भारत का निर्माण हो रहा है। पूरे समाज की सोच, विचार और धारणा को शिक्षक ही बदल सकते हैं।उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में ही हमारे विद्यार्थी शिक्षा, ज्ञान




और अपने कौशल के बल पर भारत को सशक्त, समृद्ध और विश्वगुरु के रूप में पुर्नस्थापित करेंगे। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शिक्षकों को अपना उत्कृष्ट योगदान देने की अपील की। शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता तथा विद्यार्थियों को अपना सर्वस्व देने वाला बताया। उन्होंने शैक्षिक पुरस्कार सम्मान राशि को 10 हजार रू. से 21 हजार किये जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने वालों में 35 प्रतिशत महिलाओं का शामिल होना मातृशक्ति का भी सम्मान बताया। मुख्यमंत्री ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने सभी शिक्षकों से अपेक्षा की कि आप सब अपनी मौलिक जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित कर एक ऐसी नई पीढ़ी का निर्माण करें, जो ज्ञान और विवेक के सामंजस्य से परिपूर्ण हो ताकि वह आज की सभी चुनौतियों का सफलतापूर्वक समाधान कर सके। यही हमारे शिक्षक होने की सार्थकता है। यही सच्चे अर्थों में 'शिक्षक दिवस' की प्रामाणिकता है और यही डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को श्रेष्ठतम नमन करने का सुअवसर भी है, भारत भूमि ने अनेक उच्च श्रेणी के शिक्षक हमें दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई नई शिक्षा नीति हमारे बच्चों को भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार करने का एक प्रयास है, जिसे विभिन्न हितधारकों से विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। जिसमें हमारे शिक्षकों की भी बहुत बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा नीति को सफल और फलदायी बनाने की केंद्रीय भूमिका में शिक्षक ही होते हैं। इसे इस तरह से आत्मसात करना होगा कि यह नीति छात्रों के जीवन का आधार बन जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल वाटिका के शुभारम्भ के साथ ही उत्तराखण्ड नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की शुरुआत करने वाला देश का पहला राज्य है। सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के साथ ही शिक्षकों को सक्षम बनाने हेतु सभी प्रयास किए जा रहे हैं। ताकि शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके और छात्रों को भी नई तकनीकों में निपुण किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के अमृतकाल के 'पंच प्रणों' पर स्कूलों में नियमित रूप से चर्चा की जाए, ताकि छात्रों में इसकी भावना स्पष्ट हो सके।ि शक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी के अथक प्रयासों से राज्य में शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं नवाचारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रामन ने सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत किया और सम्मान समारोह की विस्तृत जानकारी दी। महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अपर सचिव शिक्षा रंजना राजगुरु, शिक्षा विभाग के अन्य उच्च अधिकारीगण और पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

**पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक/शिक्षिकाओं की सूची**

आशा बुड़ाकोटि, प्र०अ०, रा०आ०प्रा०वि० कोटलमण्डा, द्वारीखाल, पौड़ी।
संजय कुमार कुकसाल, प्रअ, रा०आ०प्रा०वि० बड़ेथी, चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी।
ऊषा गौड़, स०अ०, रा०पू०मा०वि० डोईवाला, देहरादून ।
संजय कुमार, प्र०अ०, रा०उ०प्रा०वि० रोशनाबाद, हरिद्वार।
उत्तम सिंह राणा, प्र०अ०, रा०प्रा०वि० उलाणा, कीर्तिनगर, टिहरी गढ़वाल।
रवीश चन्द्र पचौली, स०अ०, रा०उ०प्रा०वि० बिसारी, चम्पावत।
सुरेश चन्द्र सती, स०अ०, रा०जू०हा० पिंगलों, बागेश्वर ।
डॉ0 आशा बिष्ट, प्र०अ०, रा०प्रा०वि० धुलई, भीमताल, नैनीताल ।
श्रीमती गंगा आर्या, प्र०अ०, रा०प्रा०वि० भट्टीगांव, बेरीनाग, पिथौरागढ़।
श्रीमती यशोदा काण्डपाल, स०अ०, रा०जू०हा० पौड़ा कोठार, ताड़ीखेत, अल्मोड़ा।
लोकेन्द्रपाल सिंह परमार, प्रवक्ता, रा०आ०कीर्ति इ०का० उत्तरकाशी।
संजय कुमार मौर्य, प्रवक्ता, रा०इ०का० क्वानू देहरादून।
श्रीमती दंमयन्ती चन्द, सअ, अउ एसएसएस डीडी जेराका बड़ाबे, पिथौरागढ़ ।
डॉ0 प्रभाकर जोशी, प्रवक्ता, रा०इ०का० स्यालीधार, अल्मोड़ा।
त्रिभुवन चन्द्र लोबियाल, प्रवक्ता, जेएस माजिला स्मारक राइका काण्डा, बागेश्वर।
निर्मल कुमार न्योलिया, प्रवक्ता, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय खटीमा, उसिं नगर
डॉ. शैलेन्द्र सिंह धपोला, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बागेश्वर।

# अग्रवाल धर्मशाला में श्रीमद् भागवत कथा का समापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रवाल महिला समिति द्वारा श्री अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित श्री मद् भागवत कथा का गत दिवस समापन किया गया। कथा व्यास श्रीमति पुष्पा अग्रवाल ने विधिवत कथा का समापन किया। इस मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एंवं अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने कथा व्यास श्रीमति पुष्पा अग्रवाल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर अग्रवाल सभा अध्यक्ष गौतम रूंगटा, महामंत्री कुशल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र बंसल एड., अमित जिंदल, रनवीर गुप्ता, मोहित गोयल, मनीष बंसल, विकास जिंदल, अमित जिंदल, विनय बंसल, सूरज अग्रवाल, सुरेश गर्ग, राजीव गर्ग, कैलाश गर्ग सीए, प्रिया अग्रवाल, ऊषा श्यामपुरिया, सुषमा गुप्ता, वीना जैन, किरन जिंदल, उमा गर्ग, अंकिता मित्तल, राजकुमार श्यामपुरिया, वैभव मित्तल, आयुष अग्रवाल, ध्रुव सिंघल आदि लोग मौजूद थे।





# मदर इंडिया के छात्रों ने ली हिमालय बचाओ शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल में हिमालय बचाओ अभियान के अंतर्गत शिक्षक दिवस के उपलक्ष में विद्यालय में स्पेशल असेंबली आयोजित की गई। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने हिमालय बचाने हेतु शपथ ली । इस मौके पर स्कूल में हिमालय बचाओ अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता



भी आयोजित हुई। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन से मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल विज, डायरेक्टर श्रीमती प्रियंका विज, डायरेक्टर मनीष अरोड़ा, प्रबंधक राजेंद्र गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# केवीआर हॉस्पिटल ने लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

गदरपुर(उद संवाददाता)। केवीआर हॉस्पिटल काशीपुर द्वारा डॉ.तरुण सोलंकी के नेतृत्व में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गदरपुर में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया किया गया। डॉक्टर सोलंकी ने बताया कि शिविर में कूल्हे एवं घुटनों की समस्याओं के इलाज के लिए 80 मरीजों का एक्स-रे करने के उपरांत निशुल्क दवा वितरण किया गया । उन्होंने सभी जरूरतमंदों को नियम अनुसार दवा का सेवन तथा परहेज करने की अपील की । इस मौके पर डॉक्टर तरुण सोलंकी की टीम में शामिल मार्केटिंग डायरेक्टर मोहित बोहरा,गुरविंदर सिंह,अनिल, राजकुमार,अरशद,शाहरुख के अलावा गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष



नरेंद्र सिंह, सादा सिंह,ज्ञान सिंह,राजेंद्र सिंह,हरि सिंह,दलजीत सिंह,कुलदीप सिंह, लवि सिंह,मनोज गुंबर,ज्ञानचंद बजाज,हरबंस लाल चावला, करनैल सिंह, लक्खा सिंह,जयदीप सिंह,भगत सिंह सहित तमाम लोग शामिल रहे ।

# तहसील दिवस पर सभासद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। ऑनलाइन पेंशन स्वीकृत करने में हो रही परेशानियों के चलते जगरूप सिंह गोल्डी एवं सभासद आरिफ कुरैशी के नेतृत्व में तहसील दिवस पर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में ऑनलाइन समस्या का निदान करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि पेशनधारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम कोस्तुभ मिश्रा ने तुरंत समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया। एसडीएम ने कहा कि आवेदकों को रही समस्या से निजात शीघ्र मिल जायेगी।





उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# संतान का जीवन और अस्मिता

यह सवाल लंबे समय से विवाद का विषय बना हुआ था कि अमान्य विवाह की स्थिति में पैदा बच्चे को पिता की संपत्ति में हिस्सा मिलना चाहिए या नहीं। अब सर्वोच्च न्यायालय ने इस मसले पर जिस तरह एक स्पष्ट फैसला सुनाया है, वह न केवल अधिकारों के लिहाज से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि खासकर बच्चे के जीवन और अस्मिता को लेकर एक ऐतिहासिक नजरिया भी है। करीब तेरह साल पुरानी याचिका पर फैसला सुनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि शून्य या अमान्य ठहराए गए विवाह से पैदा बच्चे को भी वैध माना जाएगा। साथ ही, हिंदू विवाह अधिनियम 16(2) के मुताबिक, जिन मामलों में अमान्य विवाह को रद्द कर दिया गया हो, तो उसके फैसले से पहले पैदा हुआ बच्चा भी कानूनी हक रखता है। अदालत ने कहा कि किसी भी अमान्य विवाह से जन्म लेने वाली संतान का उनके माता–पिता की अर्जित और पैतृक संपत्ति में अधिकार होगा। ऐसे मामलों में बेटियां भी संपत्ति में बराबर की हकदार होंगी। हालांकि यह फैसला हिंदू मिताक्षरा कानून के तहत हिंदू परिवारों की संपत्तियों पर ही लागू होगा। दरअसल भारत में विवाह की कानूनी व्यवस्था में पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह और उससे जन्म लेने वाली संतान को लेकर आम सामाजिक दृष्टि और उसके कानूनी अधिकारों को लेकर एक जटिल परंपरा कायम रही है। अब तक प्रचलित व्यवस्था में विवाहित पुरुष के किसी अन्य स्त्री से विवाह को कानूनी दर्जा नहीं दिया जाता है। इस तरह ऐसे संबंधों में जन्म लेने वाले बच्चे को लेकर भी लोग कई तरह की गलत धारणा के शिकार होते हैं। मसलन, आमतौर पर ऐसी स्थिति में बच्चे को 'अवैध' कह दिया जाता है। इससे उपजे भावनात्मक या मानसिक दंश को सिर्फ वही समझ सकता है, जो इसकी पीड़ा से गुजर रहा होता है। यह अपने आप में एक बड़ी विडंबना है कि जिस बात के लिए बच्चा कहीं से जिम्मेदार नहीं है, उसकी वजह से उसके बारे में लोगों की राय बेहद संवेदनहीन और उसके अस्तित्व को खारिज करने वाली देखी जाती है। 'अवैध' होने के आरोप और इससे जुड़ी पहचान बेहद अपमानजनक और पीड़ादायक भी होती है, जो किसी भी व्यक्ति के स्वाभाविक जीवन को बाधित करती है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले की अहमियत इस बात में भी है कि यह आम समाज में प्रचलित धारणा को तोड़ने में सहायक होगी। इसके अलावा, समाज और कानून की नजर में अमान्य विवाहों की स्थिति में पैदा बच्चे के अधिकारों को लेकर भी जटिल व्यवस्था रही है कि ऐसे बच्चे को पिता की संपत्ति में हिस्सेदारी मिले या नहीं। अब तक इस मसले पर ऐसे सवाल उठते रहे हैं कि विशेष स्थितियों को छोड़ कर जब किसी पुरुष के दूसरे विवाह को मान्यता नहीं है, तब उससे जन्म लेने वाली संतान को परिवार की संपत्ति में हिस्सेदारी कैसे सही है! लेकिन इस पहलू पर अब अदालत ने स्थिति स्पष्ट कर दी है कि जब अमान्य विवाह से पैदा बच्चा 'अवैध' नहीं है, तो उसे अपने पिता की संपत्ति में भी हिस्सा मिलना चाहिए। अमान्य विवाह को भले कानूनी और सामाजिक दृष्टि से मंजूरी न दिए जाने की व्यवस्था रही है, लेकिन ऐसे रिश्ते में बच्चे के जन्म को 'अवैध' न मान कर माता–पिता के संबंध से स्वतंत्र रूप से देखा जाना चाहिए। यह मानवीय मूल्यों के लिहाज से तो जरूरी था ही, अब सर्वोच्च न्यायालय ने कानूनी कसौटी पर भी इसे व्यवस्था का रूप दे दिया है।

# मालिक बन चोरी से पेड़ काटने वाले दो गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों ग्राम मानपुर नई बस्ती में चोरी से यूलिप्टिस पेड़ काट ले जाने वाले दो लोगों को पुलिस ने लकड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 5 सितम्बर को शकुन्तला यादव पत्नी अलबेले सिंह निवासी रानी पदमावती कालौनी ने तहरीर दी कि 16–17 अगस्त को मानपुर नईबस्ती के पास करन सिंह चौहान आदि उसकी जमीन से यूकेलिप्टिस के पेड़ काटकर ले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले के विवेचक उनि कपिल काम्बोज को गठित पुलिस टीम का प्रभारी बनाया गया ।कपिल काम्बोज ने टीम के साथ घटना स्थल के आस–पास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन कर जानकारी जुटाई। जिसमें करन सिंह आदि व्यक्तियों द्वारा यूके लिप्टिस के पेड़ो का मालिक बनकर मजदूरों से पेड़ कटवाकर लकड़ी की चोरी करना प्रकाश में आया । मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जसपुर क्षेत्र से चोरी गयी





लकड़ी सहित 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना पाम पता करन सिंह चौहान पुत्र नत्थू सिंह व महेन्द्र सिंह पुत्र स्व. भोलू सिंह निवासीगण ग्राम रामनगर वन जसपुर बताया। उन्होंने बताया कि वह क्षेत्र में घूमते रहते हैं जिस स्थान पर यूकेलिप्टिस के पेड़ दिखाई देते है हम उसके मालिक का पता करते है अगर मालिक उस स्थान से दूर रहता है तो वह स्वयं मालिक बनकर लेबर से लकड़ी कटवाते है और लकड़ी ले जाकर अलग–अलग स्थानो पर बेच देते हैं।पुलिस ने उनके पास से कुल 132.80 कुन्तल यूके लिप्टिस की लकड़ी बरामद की। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, उनि प्रदीप मिश्रा, उनि कपिल काम्बोज, का. धीरज सिंह, नरेन्द्र बोहरा, गोविन्द पन्त, सुरेन्द्र सिंह, एसपीओ अक्षय राजपूत व सन्नी कश्यप शामिल थे।

# किशोरी के हाथ से मोबाईल झपट भागता दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत प्रात: ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में अज्ञात उचक्का दवाई लेने जा रही किशोरी के हाथ से मोबाईल झपटकर फरार होने लगा। शोर मचाने पर वहां खड़े लोगों ने उसका पीछा कर दबोच लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में कलावती पत्नी चन्द्रसेन हाल निवासी शिवनगर, मूल निवासी ग्राम सुकटिया थाना शेरगढ़ जिला बरेली ने कहा है कि 5 सितम्बर को सुबह उसकी बेटी मिनाक्षी शिवनगर से शमशान घाट की ओर मेडिकल से दवाई लेने जा रही थी कि रास्ते में उसके हाथ से मेरा मोबाइल फोन एक अज्ञात व्यक्ति पीछे से झपट्टा मारकर लेकर भागा । जिसे कुछ दूरी पर मौके पर खड़े लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सुनील कुमार पुत्र सुरेन्द्र निवासी ठाकुर नगर ट्रांजिट कैम्प बताया। पकड़े गये युवक को मोबाईल सहित पुलिस के सुपुर्द कर कलावती ने उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# दो पक्षों में मारपीट मामले की रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों मौहल्ला रम्पुरा में दो पक्षों के मध्य हुई मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष की ओर से रपट दर्ज करा दी गई है। जिसमें शिवम चन्द्रा पुत्र महेश चन्द्रा निवासी रम्पुरा ने कहा है कि 31अगस्त की रात्रि वह अपनी स्कुटी से अपने घर जा रहा था। तभी रम्पुरा निचाल के पास भीड़ इक्कठी होने से वाहन को धीरे- धीरे चला रहा था। पीछे एक वाहन चालक प्रमोद पुत्र काली चरण अपने दोस्त बन्टी कोली पुत्र घासी राम के साथ आ रहा था। जो अपने वाहन का हार्न लगातार बजाने लगा। जब उनसे मना किया तो प्रमोद एवं बन्टी ने उसे वाहन से गिराकर मारने लगें। आस पास के लोगों ने उसे बचाया । घटना की रिपोर्ट देने के लिए रम्पुरा चौकी जा रहा था। चौकी के गेट पर पहले से घात लगाकर बैठे उक्त दोनो ने अन्य साथियों के साथ मिलकर उस पर जान लेवा हमला कर दिया।

# नशेड़ियों ने घर-स्कूल पर किया पथराव

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। प्रीत विहार में नशेड़ियों ने घर और स्कूल पर पथराव कर दिया। जिस पर प्रबंधक ने उन्हें दौड़ा दिया। दौड़ने पर वह चोटिल हो गए और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर दी है। फाजलपुर महरोला की प्रीत विहार निवासी दीनानाथ शर्मा ने पुलिस को बताया कि कालोनी में पुत्री का स्कूल है। वह संरक्षक हैं। 4 सितंबर की रात को स्कूल के पास नशेड़ियों का जमावड़ा लगा था। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात को दोबारा नशेड़ी स्कूल के पास एकत्रित हो गए। आरोप है कि नशेड़ियों ने घर व स्कूल पर ईंट पत्थर मारना शुरू कर दिया। वह बाहर निकले तो नशेड़ी गाली गलौज करने लगे। उन्होंने बताया कि नशेड़ियों को दौड़ाना शुरू किया। इसमें वह भी चोटिल हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। दीनानाथ शर्मा ने एसएसआई कमाल हसन को तहरीर दी। तहरीर में आधा दर्जन नशेड़ियों को नामजद किया। इसमें नशेड़ियों का सरगना भी शामिल हैं। उन्होंने एसएसआई को बताया कि कालोनी में नशेड़ियों का आतंक मचा रहता है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की। एसएसआई ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

# सतीमठ मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम 7 सितंम्बर को

गदरपुर(उद संवाददाता)। गत दो वर्षों की भांति इस वर्ष भी सतीमठ मंदिर गदरपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभावसर पर भव्य उत्सव और कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भजन गायक आलोक श्रीवास्तव और अनीलेश राज द्वारा प्रभु का गुणगान किया जाएगा। मंदिर कमेटी ने सभी धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# श्रीकृष्ण एक विलक्षण अवतार...

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिभवति भारत। अभ्युत्थानम धर्मस्य तदात्मान सृजाम्यहम।। परित्राणाय साधुनाम विनाशाय च दुष्कृताम। धर्म संस्थापनाथार्य संभवामि युगे युगे.. जब जब धरती पर धर्म की हानि होने लगती है पाप व अनाचार बढ़ने लगता है।तब



तब प्रभु दुष्टो के विनाश व सज्जनो की पीडा हरने के लिये मनुज रूप मे इस धरा धाम पर अवतरित होते है।इसी प्रकार भादो मास की अष्टमी मे घोर अन्धकार की अध रात्रि को माँ देवकी के अष्टमगर्भ से मथुरा नगरी के कारागार मे लोकनायक ,भकतवत्सल भगवान श्रीकृष्ण का प्रार्दुभाव हुआ।श्रीकृष्णजी के अवतरण के साथ चारो और हर्ष ही हर्ष छा गया पहरेदार गहन निद्रा मे सो गये ।ताले स्वत: टूट गये करूणित व दु:खित माता देवकी के गुहार लगाने पर बालक की रक्षा के लिये पिता वासुदेव उसे एक सूप मे रखकर उफनती यमुनाजी को पार कर गोकुल ग्राम मे ले आये जहाँ माता यशोदा के पास तत्काल जन्मी कन्या को लेकर वापस माता देवकी की गोद मे रख दिया। उसके मामा कंस द्वारा श्रीकृष्ण को मारने के अनेक प्रयास किये गये कभी त्रृणावृतराक्षस को भेजा, कभी राक्षसी पूतना को भेजा भगवान कृष्ण ने सभी का उद्धार कर अपने लोक भेज प्रदान किया ब्रजमंडल मे ब्रजवासियो, बाल सखाओ व गोपियो को अपनी मधुर बाल लीलाओ के दर्शन व रासलीलाओ से सुख प्रदान किया कभी माखन चोरीलीला कभी नागमर्दन लीला, ब्रजहोरी,राधाकृष्णप्रसंग आदि लीलाओ से मंत्रमुग्ध कर अभिभूत कर दिया। कृष्णगोपी लीलाये व प्रेम अपने आप मे अद्धितीय था।गोपियो ने हमेशा कृष्ण दर्शन व कृष्णनाम का ही पान किया।अपने सभी कार्यो से कृष्णजीको प्रसन्न किया कुछ समय गोकुल मे रहकर मथुरा प्रस्थान किया वहा कुब्जा नाम की स्त्री के शरीर की विकृति को सही किया।अपने मामा कंस का उद्धारकर अपने मातापिता को बंदीगृह से छुडाघ्या।राजा उग्रसेन को पुन: राजा बनाया।रुकमणिजी से विवाह कर द्वारिकाधीश कहलाये ,अर्जुन को विराटरूप दिखाकर गीताज्ञान देकर उसका मोह व शोक दूर किया। बाल्यकाल से लेकर युवावस्था तक श्रीकृष्ण का जीवन संघर्षो से भरा हुआ है।मनुष्य को रोजाना ही तनाव,मुश्किलो और संधर्षो का सामना करना पड़ता है श्रीकृष्ण का जीवनचरित्र हमे जीवन की विपरीत परिस्थितियो का हंसते हुए सामना करना सिखाता है उनका जीवनचरित्र हमे नकारात्मकता से सकारात्मकता की और ले जाता है।श्रीकृष्ण की भकति की शक्ति जीवन के इन संधर्षो पर विजय प्रदान करने वाली है जिस वृक्ष को आकाश की ऊचाई होती छूनी है उसे अपनी उतनी जडेघ्‍ पाताल तक भी पहुचानी होती है।प्रभुश्रीकृष्णजी सुख,दु:ख, प्रकाश अंधकार को एक साथ विनम्रता से स्वीकार किया। श्रीकृष्णभक्तो मे मीराबाई का नाम प्रमुखता से लिया जाता है जो अपने प्रियतम गिरधरगोपाल की भक्ति मे लीन रहकर संसारिक कष्टो को सहती हुई अन्तसमय अपने प्रियतम के श्रीविग्रह मे समाहित हो गयी। सुदामा, सूरदास,रसखान,बिहारी, चैतन्यमहाप्रभु, श्रीहरिदासजी आदि भक्तो ने अपना जीवनश्रीकृष्ण भक्ति के लिए समर्पित कर दिया हमे भी अपने जीवन मे कृष्ण नाम का सदैव स्मरण करना चाहिए जिससे हमारा सम्पूर्ण जीवन धन्य बन सके।तभी इस उत्सव को मनाने की सार्थकता है।

**– नरेश छाबड़ा,रूद्रपुर**

# ट्यूब व कट्टों में भरी अवैध शराब बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिंदुखेड़ा में दबिश देकर रबड़ की ट्यूब व कट्टों में भरी भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। जबकि तस्कर पुलिस टीम को चकमा देते हुए फरार हो गये। जानकारी के अनुसार हेका. भुवन चन्द्र पाण्डेय, का. सन्तोष रावत, ललित कुमार, मोहन बोहरा गश्त करते ग्राम विन्दुखेड़ा तिराहे पर पहुचे । जहां से टीम मुखबिर साईधाम कोलौनी के सामने निर्माणाधीन मन्दिर से कुछ आगे पहुंची। `पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोग पुलिस कर्मियों को चकमा देकर भाग गये। पुलिस ने मौके से रबड़की ट्यूबों व कट्टों में भरी कच्ची शराब व शराब के भरे पाऊच बरामद किये। शराब की कुल मात्रा 245 लीटर बताई गई है। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि यहां पर सुरेन्द्र सिंह उर्फ छिन्दर पुत्र रतन सिंह और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र गुरुमुख सिंह निवासी गण, ग्राम बिन्दुखेड़ा अकसर दारु लाकर अपने मजदूर लगाकर पैकिंग कराकर बेचने के लिये ले जाते है। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर सुरेन्द्र और हरप्रीत के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# आस्था और विश्वास का पर्व श्री कृष्ण जनमाष्टमी

भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रात के बारह बजे मथुरा के राजा कंस की जेल में वासुदेवजी की पत्नी देवी देवकी के गर्भ से सोलह कन्याओं से युक्त भगवान् श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इस तिथि को रोहिणी नक्षत्र का विशेष माहात्म्य है। इस दिन देश के समस्त मन्दिरों का श्रृंगार किया जाता है। कृष्णावतार के उपलक्ष में झाँकियाँ सजायी जाती है। भगवान कृष्ण का श्रृंगार करके झूला सजाया जाता है। स्त्री पुरूष रात के बारह बजे तक व्रत रखते है। रात को बारह बजे शंख तथा घंटो की आवाज से श्रीकृष्ण के जन्म की खबर चारों दिशाओं में गूँज उठती है। भगवान् कृष्ण की आरती उतारी जाती है और प्रसाद वितरण किया जाता है। प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारण किया जाता है। द्वापर युग में पृथ्वी पर राक्षसों के आत्याचार बढ़ने लगे। पृथ्वी गाय का रूप धारण कर अपनी कथा सुनाने के लिए तथा अपने उद्धार के लिए ब्रह्माजी के पास गई। ब्रह्मा सब देवताओं को साथ लेकर पृथ्वी को विष्णु के पास क्षीर सागर ले गये। उस समय भगवान् विष्णु अनन्त शैय्या पर शयन कर रहे थे। स्तृति करने पर भगवान् की निद्रा भंग हो गई। इसके पश्चात् देवता ब्रज मण्डल में आकर यदुकुल में नन्द यशोदा तथा गोप–गोपियों के रूप में पैदा हुए। द्वापर युग के अन्त में मथुरा में उग्रसेन राजा राज्य करते थे। उग्रसेन के पुत्र का नाम कंस था। कंस ने उग्रसेन को बलपूर्वक सिंहासन से उतारकर जेंल मे डाल दिया और स्वयं राजा बन गया। कंस की बहन देवकी का विवाह यादव कुल में वासुदेव के साथ हो गया। जब कंस देवकी को विदा करने के लिए रथ के साथ जा रहा था, तो आकाशवाणी हुई कि ''हे कंस ! जिस देवकी को तू बड़े प्रेम से विदा कर रहा है उसका आठवाँ पुत्र तेरा संहार करेगा। आकाशवाणी की बात सुनकर कंस क्रोध से भरकर देवकी को मारने को तैयार हो गया। उसने सोचा– न देवकी होगी न उसका कोई पुत्र होगा। वासुदेवजी ने कंस को समझाया कि तुम्हे देवकी से तो कोई भय नही है। देवकी की आठवी सन्तान से तुम्हे भय है। इसलिए मैं इसकी आठवी सन्तान को तुम्हे सौंप दूगां। तुम्हारे समझ मे जो आए



उसके साथ ऐसा ही व्यवहार करना। कंस ने वासुदेवजी की बात स्वीकार कर ली और वासुदेव देवकी को कारागार मे बन्द कर दिया। तत्काल नारद जी वहाँ आ पहुचें, और कंस से बोले की यह कैसे पता चलेगा की आठवा गर्भ कौन सा होगा। गिनती प्रथम से या अन्तिम गर्भ से शुरू होगी। कंस ने नारद जी के परामर्श पर देवकी के गर्भ से उत्पन्न होने वाले समस्त बालकों को मारने का निश्चय कर लिया। इस प्रकार एक–एक करके कंस ने देवकी के सात बालकों को निर्दयता पूर्वक मार डाला।भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र मे श्रीकृष्ण जी का जन्म हुआ। उनके जन्म लेते ही जेल की कोठरी मे प्रकाश फैल गया। वासुदेव देवकी के सामने शंख चक्र गदा एवं पदमधारी चतुर्भुज भगवान ने अपना रूप प्रकट कर कहा, अब मैं बालक का रूप धारण करता हूँ। तुम मुझे तत्काल गोकुल मे नन्द के यहाँ पहुचा दो, और उनकी अभी–अभी जन्मी कन्या को लाकर कंस को सौप दो।तत्काल वासुदेवजी की हथकड़िया खुल गयी, दरवाजे अपने आप खुल गये। पहरेदार सो गये, वासुदेव श्रीकृष्ण को सूप मे रखकर गोकुल को चल दिये। रास्ते मे यमुना श्रीकृष्ण के चरणो को स्पर्श करने के लिए बढने लगी। भगवान ने अपने पैर लटका दिये। चरण छूने के बाद यमुना घट गयी। वासुदेव जमुना पार कर गोकुल मे नन्द के यहाँ गये। बालक कृष्ण को यशोदा जी के बगल मे सुलाकर कन्या को लेकर वापस कंस के कारागार मे आ गये। जेल के दरवाजे पूर्ववत बन्द हो गये। वासुदेवजी के हाथो मे हथकड़ियाँ पड़ गयी। पहरेदार जाग गये, कन्या के रोने पर कंस को खबर दी गयी। कंस ने कारागार मे आकर कन्या को लेकर पत्थर पर पटकर मारना चाहा, परन्तु वह कंस के हाथ से छूटकर आकाश मे उड़ गयी और देवी का रूप धारण कर बोली, हे कंस मुझ मारने से क्या लाभ है। तेरा शत्रु तो गोकुल मे पहुच चुका है। यह दृश्य देखकर कंस हतप्रभ और व्याकुल हो गया। कंस ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए अनेक दैत्य भेजे। श्रीकृष्ण ने अपने आलौकिक माया से सारे दैत्यो को मार ड़ाला। बड़े होने पर कंस को मारकर उग्रसेन को राजगद्दी पर बैठाया।श्रीकृष्ण की पुण्य जन्मतिथि को तभी से सारे देश मे बड़े हर्षोउल्लास से मनाया जाता है। इस लिए हमारा परम कर्तव्य है कि इस पर्व को बड़ी श्रद्धा पूर्वक मनाये व पर्व की मर्यादा को बनाये रखें,तभी हमारा जीवन सफल हो सकता है।

**प्रस्तुति–नरेश कुमार सेठ,रूद्रपुर**

# कार्बेट एफसी नें बनबसा को 5–1 से रौंदा

## समाजसेवी गाबा, साहनी एवं चौधरी नें किया मैच का उद्घाटन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैम्प फुटबाल मैदान में चल रहे स्व0 वीरेन्द्र राय मैमोरियल द्वितीय फुटबाल टूर्नामेंट के तृतीय दिवस का मैच कार्बेट एफसी एवं बनबसा एफसी के मध्य खेला गया, जिसमें कार्बेट एफसी आक्रामक खेल दिखाते हुये नें बनबसा





को 5–1 से रौंद डाला। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सुशील गाबा, समाजसेवी अमित साहनी एवं समाजसेवी अजय चौधरी नें खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर एवं फुटबाल को किक आफ कर मैच का उद्घाटन किया। आयोजक शास्त्री यंग क्लब रजि के तापस विष्वास व अन्य सदस्यों नें फुटबाल मैदान पहुंचनें पर मुख् अतिथि श्री गाबा, साहनी एवं अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मैच की शुरूआत से ही कार्बेट एफसी की टीम बनबसा पर हावी हो गयी। नीली टीशर्टे पहने कार्बेट एफसी के खिलाड़ी पूरे मैच में छाये रहे। खेल के शुरूआती 5 मिनट में ही कार्बेट नें बनबसा पर पहला गोल दाग दिया। हाफ टाईम तक कार्बेट 3–0 से आगे थी। द्वितीय हाफ में बनबसा नें एक गोल दागकर बढ़त को कम करनें की कोशिश की, लेकिन कार्बेट नें पुनः पलटवार करते हुये आक्रामक खेल जारी रख, जिसके सामनें बनबसा नें आखिरकार 5–1 से घुटने टेक दिया। मैदान में सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित दर्शकों एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि समाजसेवी सुशील गाबा नें कहा कि आज तापस विष्वास एवं शास्त्री यंग क्लब के लोग फुटबाल टूनामेंट आयोजित कर युवाओ को नशे से दूर रखनें तथा उनको शारिरिक तथा मानसिक रूप से मजबूत बना रहे है। अपने दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलना टीम वर्क और निःस्वार्थता के बारे में बहुत कुछ सिखाता है। अपने साथियों का समर्थन करना और एक टीम में काम करना जीवन के सबसे आवश्यक मूल्यों में से एक है। और फुटबॉल उसके लिए एक महान शिक्षक है। कठिन प्रशिक्षण, दिनचर्या से लेकर मैदान पर रणनीतियों और नियमों का पालन करने तक, फुटबॉल अनुशासन की एक शक्तिशाली भावना पैदा करता है, खिलाड़ियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग करता है। यदि आप नियमों का करते हुये अपनी मर्यादा में रहते हैं। नियमों का पालन करना और मर्यादाओं में रहना ही जीवन जीने का सर्वोत्तम तरीका है। समाजसेवी अमित साहनी नें कहा कि फुटबॉल खेलने से बनी शारीरिक शक्ति और सहनशक्ति से खिलाड़ी मैदान पर और बाहर दोनों जगह आत्मविश्वास से भर जाता है। यह खिलाड़ी के निजी जीवन में उसके आत्मसम्मान को भी मदद करता है। और एक उचित कसरत के रूप में, फुटबॉल फील–गुड एंडोर्फिन जारी करता है जो तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। समाजसेवी अजय चौधरी नें कहा कि फुटबॉल में भाग लेने से मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसमें समग्र मनोदशा को बढ़ावा देने और कल्याण की भावना को बढ़ावा देने के दौरान तनाव, चिंता और अवसाद के लक्षणों को कम करने की क्षमता है।

आयो रे मोरे कृष्ण कन्हैया
एक बार दरस दिखालाओ रे
छोड़ मोह लोभ का रैन बसेरा
तुम संग प्रीत लगायो रे
छायी थी ऐसी निशा निराली,
वर्षा घनघोर बरसी ऐसी,
चहूँ ओर जलमग्न हुई धरती
दिखी उस रात
कान्हा की छवि सुहानी,
कारागार के पट खुले,
रक्षक निद्रामय हुए
अद्भुत अदम्य रूप सुहाना,
कान्हा तेरा रूप मनमोहना
किया गोकुल की गलियों में वास,
गोपी– राधा संग रचायो रास
बंसी बजैया रास रचौया,
विभिन्न असुरो का किया था नाश,
कान्हा तेरी जीवन गाथा
कैसे मेरे शब्दों में समाये,
तेरी अनुपम मनमोहक लीला,
मेरी कलम तो बस लिखती जाये
फिर से धरो अवतार कान्हा
फिर से मन भयमुक्त करो,
बांसुरी बजा, गोवर्धन धारण कर,
हम भक्तन घर आन बसो
फिर से धर लो
अवतार कान्हा,
धरती से पाप का नाश करो
लोभ, मोह, काम क्रोध को
इक मुस्कान से अपनी ध्वस्त करो।

**–निकेता पाहुजा, रुद्रपुर**

# चन्द्रावती कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

काशीपुर(उद संवाददाता)। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में 'मतदाता जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की वे छात्रायें जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हैं, उन्हें नये मतदाता के रूप में पंजीकृत



होने के लिए जागरूक किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 कीर्ति पन्त ने राष्ट्र निर्माण में मतदान के महत्व और उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान बहुत जरूरी है, इसलिए छात्राओं को बिना किसी भेदभाव के अपने मन में आंकलन करके सही प्रतिनिधि के लिए मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए, साथ ही वे अन्य लोगों को भी प्रेरित करें, क्योंकि राष्ट्र निर्माण में उनकी विशेष जिम्मेदारी होती है। इसलिए उन्हें अधिक से अधिक वोट प्रतिशत बढ़ाने और सही जन प्रतिनिधि का चुनाव करने में अपना योगदान करना चाहिए। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी छात्रायें अपना वोटर कार्ड बनायें जिससे अधिक से अधिक वोट प्रतिशत बढ़ाया जा सके। कैंपस एंबेसेडर डॉ0 रंजना ने भारत में मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान की भूमिका बताते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जाने वाले कार्यक्रम "सुव्यवस्थित मतदान शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता" स्वीप की जानकारी देते हुए इसके अन्तर्गत होने वाले जागरूकता कार्यक्रमों को जानकारी दी। इसका लक्ष्य मतदाताओं को जागरूक निर्णय लेने, मत देने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में लोकतंत्र का निर्माण करना है, जिससे अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके और मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो सके। साथ ही नये मतदाता के रूप में पंजीकृत होने वाली छात्राओं को पंजीकृत प्रारूप–6 की जानकारी दी। इस अवसर पर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ0 मन्जु सिंह, डॉ0 वन्दना सिंह, डॉ0 रमा अरोरा, असि0 प्रोफेसर डॉ0 अंजलि गोस्वामी, डॉ0 गीता मेहरा, डॉ0 दीपा चनियाल, डॉ0 मंगला, डॉ0 ज्योति गोयल, डॉ0 ज्योति रावत, श्रीमती प्राची धौलाखण्डी, शीतल अरोरा, डॉ0 मीनाक्षी पंत, कु0 किरन उपस्थित रहे।

# सदप्रयास व प्रभु कृपा से कुछ भी असम्भव नहीं: चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हमारा भगवान के प्रति सच्चा प्रेम है भगवान की कृपा तो प्राप्त होगी ही साथ ही वह स्वयं भी हमारे पास आने को आतुर हो जाएगा। भगवान के प्रति प्रेम सच्चे मन से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रेम व्यापार नहीं है। उदाहरण देते हुए कहा कि शबरी का भगवान राम के प्रति सच्चा प्रेम व गुरु के प्रति दृढ़ विश्वास ही था जो भगवान राम स्वयं चलकर उसकी कुटिया पर आए थे। अतः हम भी अपने गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलकर उसे प्रेम परिपूर्ण परमात्मा को प्राप्त कर सकते हैं। हमें अपने गुरु के वचनों पर विश्वास नहीं वरन् दृढ़ विश्वास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें साधन के प्राप्त हो जाने पर साध्य का परित्याग नहीं करना चाहिए। सच्चे हृदय की प्रेम विश्वास व



श्रद्धा से परिपूर्ण पुकार को प्रभु अवश्य सुनते हैं। हम सभी को प्रभु व गुरु पर पूर्ण लगन व निष्ठा से अपने–अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। भगवान की कृपा से असंभव भी संभव हो जाता है भगवान की कृपा प्राप्त करने के लिए कृपापात्र होना जरूरी है। उसकी ही कृपा है कि हमें यह मानव शरीर प्राप्त हुआ है। परंतु भगवान की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए सदाचरण व सच्चा प्रेम परिपूर्ण भक्ति का होना जरूरी है। यदि मनुष्य इस तरह से भगवान से प्रेम, संसार की यथासम्भव व यथासामर्थ्य सेवा तथा अपनी खोज करें तो जीवन सुखमय व आनंदमय हो जाएगा। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्री गुरु महाराज "कामां के कन्हैया" व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज उठा। काफी संख्या में भक्तजन श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य प्रवचन सुनने के लिए पहुंच रहे हैं । आगामी 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी में रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन होगा।

# जिले में तेजी से पैर पसार रहा डेंगू

काशीपुर। बारिश थमने पर क्षेत्र में डेंगू तेजी से पैर पसार रहा है। काशीपुर समेत जिले में 11 डेंगू के मरीज पाए जा चुके हैं। एक सप्ताह से बारिश बंद हो है लेकिन खाली भूखंडों में पानी जमा है, जिससे डेंगू का खतरा बना हुआ है। बुखार की शिकायत होने पर मरीज सरकारी और निजी अस्पतालों की ओर रुख करने लगे हैं। बुखार आने के बाद मरीज की प्लेटलेट्स तेजी से नीचे गिर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग एलाइजा जांच में पॉजिटिव पाए जाने पर डेंगू मान रहा है। बुखार और प्लेटलेट्स गिरने वाले कई मरीज अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। काशीपुर के चार मरीज डेंगू की चपेट आ चुके हैं।

# विजिलेंस ने डाटा एंट्री ऑपरेटर को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

नैनेताल। नैनीताल में विजिलेंस की टीम ने मंगलवार को तल्लीताल स्थित मंडलीय कर निर्धारण के दफ्तर में छापा मारा। टीम ने यहां कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को तीन हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों के मुताबिक, एक व्यक्ति ने विजिलेंस में शिकायत की थी कि उन्हें जीएसटी का रजिस्ट्रेशन कराना है, लेकिन मंडलीय कर निर्धारण के दफ्तर में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर दीपक कुमार उनसे रजिस्ट्रेशन के एवज में तीन हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। पुलिस अधीक्षक विजिलेंस प्रहलाद सिंह मीणा ने बताया कि विजिलेंस की ओर से जांच में यह शिकायत सही पाई गई। जिसके बाद विजिलेंस ने मीणा के नेतृत्व में मंगलवार को उक्त दफ्तर में छापेमारी कर आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। खबर लिखे जाने तक विजिलेंस की कार्रवाई जारी थी।

# पेज एक का शेष...

**विधानसभा में दूसरे दिन भी...**है।स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में अन्य राज्यों की तुलना में उत्तराखंड में डेंगू के मामले कम है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 900 से ज्यादा एक्टिव केस है। उपनेता प्रतिपक्ष कापड़ी ने सवाल किया कि सरकार ने कितने धन की व्यवस्था डेंगू से लड़ने के लिए की और कितना खर्च हुआ है? जिस पर धन सिंह रावत ने कहा कि धन की कोई कमी नहीं है। कापड़ी ने सवाल किया कि प्लाजा चढ़ाने के लिए प्रदेश में कहा–कहा व्यवस्था है? जिस पर धन सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में प्लाज्मा चढ़ाने की व्यवस्था है। वहीं भाजपा विधायक बृजभूषण गैरोला ने राजयपुर में बने आइस स्केटिंग रिंक का मामला उठाया। रिंक की लागत और उपयोग को लेकर उनके पूछे गए सवाल का संसदीय कार्य मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने जवाब दिया। उन्होंने बताया हक 2010 में 56.62 करोड़ की लागत से आइस स्केटिंग रिंक बना था। जहां चार प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ है। बताया कि फिलहाल अभी आइस स्केटिंग रिंक का मामला कोर्ट में है।

**तमंचे की नोक पर ...**नहीं दिया है। अब तू इस माह से 50 हजार रूपये प्रति माह देगा। अमित ने जब 50 हजार रूपये प्रति माह देने पर असहमति दिखाई तो उक्त लोग तमंचा निकाल कर गोली भरने लगे व जान से मारने की धमकी देने लगे। अमित ने अपने सहकर्मी दिनेश और राहुल को यार्ड से बाहर निकालने को कहा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए वहाँ से चले गये। अमित का आरोप है कि रात्रि विकेश यादव, हेमन्त मिश्रा ,अंकित थापा, शेखर कश्यप उर्फ शेख, सौरभ गंगवार , आदित्य पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार , अभिषेक यादव, रवि शेख यादव, ओमवीर यादव उर्फ बिल्ला आदि अपने 5–10 अपने बदमाश साथियों सहित उसके यार्ड में मुख्य गेट तोडकर जबरन घुस आये। ऑफिस में घुसते ही वहाँ खडी गाड़ियां तोडने लगे। उन्हें मना करने पर उक्त लोगों ने तमंचा व धार दार हथियारों से हमला किया। जाते जाते कैमरा तोडकर अपने साथ ले गये। विकेश यादव ने धमकी दी अब भी रूपया नही दिया तो इसी यार्ड में डीजल डालकर गाडियों के साथ तुम्हें भी जिन्दा जला डालेगें। अमित का कहना है जब उसके सहकर्मी दिनेश और राहुल कोली उसे उसके घर छोडने जा रहे थे तब रास्ते में राहुल कोली को विकेश यादव, हेमन्त मिश्रा उर्फ नोनू ने पकड़ कर मुहं मे तमंचा घुसाकर कहा कि ज्यादा बडा चौकीदार बन रहा है। तुझे कौन बचाएगा। अमित ने दर्ज रपट में पुलिस से आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कर अपनी जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**शादी का झांसा देकर...** दे डाली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी तथा उसके पिता मदनलाल के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभ्युक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

**साईबर ठगों ने महिला...** है।जिसकी जानकारी मिलने पर खाते की जांच की तो जानकारी में आया कि अज्ञात लोगों द्वारा जुलाई माह मै ही पैसा निकाल लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**विषपानसे नवविवाहिता की ..**में कार्यरत हैं। मृतका का एक भाई है जो पंजाब के चंडीगढ़ में जॉब करता बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा घटना की सूचना मृतका के मायके वालों को फोन द्वारा दे दी गई है।

**पेड़ से भिड़ी...**दोनों घायलों को लक्सर के अस्पताल भिजवाया। जहां से हालत बिगड़ने पर दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। खानपुर पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया झपकी आने के चलते सड़क किनारे पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला लगता है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है। दोनों युवकों की मौत से उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है।

**संदिग्ध हालातों में ..**पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायक महिला का पता लगाना शुरू कर दिया है। परिजनों का कहना है कि गायब महिला का मोबाइल भी बंद जा रहा है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में अनहोनी की आशंका जताते हुए कार्यवाही की मांग की है।

**अस्पताल के ..**के निदेशक डॉक्टर विकास गहलोत तथा विपिन गहलोत ने बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपी द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# खाई में गिरा पिकप वाहन तीन लोगों की मौत

कपकोट। उत्तराखंड के बागेश्वर में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। कपकोट में पतियासार के पास एक कैंपर वाहन खाई में गिर गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ से मिली जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब चार बजे की है। कैंपर वाहन संख्या न्ज्ञ 02 च। 0842 लगभग 100 मीटर नीचे खाई में गिर गया। जब तक टीम पहुंची वाहन में सावर तीनों लोग दम तोड़ चुके थे। तीनों के शवों को खाई से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतकों में गोविंद सिंह(45) पुत्र महेंद्र सिंह, निवासी तल्ला सूपी।बलराम(50) पुत्र किशन राम, निवासी तल्ला सूपी।संजय राम(25) पुत्र हुकुम राम निवासी रिखाड़ी शामिल है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# महज 'रस्म अदायगी' तक सीमित 'डेंगू रोकथाम'

■ अर्श

## डेंगू निरोध उपायों के बड़े-बड़े दावे पर धरातल के हालात जुदा, जल जमाव से बड़ा खतरा,खतरे से निपटने की कोई कारगर योजना नहीं



विभिन्न वार्डों में संक्रामक बीमारियों को आमंत्रण देता जल जमाव

रुद्रपुर। शहर के रहवासियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से यह तनिक संतोष का विषय है कि डेंगू प्रसार काल की तकरीबन आधी अवधि बीतने के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है और विगत दिनों उधम सिंह नगर जिले के डीएम ने तमाम अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों की एक मीटिंग कर डेंगू की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। हो सकता है, कुछ दिनों में इस मीटिंग का असर उधम सिंह नगर के जिले के कुछ हिस्सों में दिखाई भी दे और कुछेक स्थान पर फॉगिंग एवं लार्वा के विनाश के लिए कीटनाशकों का छिड़काव की प्रक्रिया अमल में लाई जाती दिख पड़े। बावजूद इसके इस बात से पूर्णतया आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता कि रुद्रपुर रहवासियों के सर पर मंडराता डेंगू का खतरा पूरी तरह टल ही जाएगा। वह इसलिए, क्योंकि जिला प्रशासन के इस अभियान के साथ ,नगर निगम को कंधे से कंधा मिलाकर जिस सक्रियता से कार्य करना चाहिए,वह सक्रियता दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही। बात नगर निगम के डेंगू रोकथाम अभियान की करें तो फिलहाल तो यह केवल रस्म अदाएगी तक ही सीमित नजर आ रहा है। हालात कुछ ऐसे हैं कि तकरीबन 10 दिनों से बरसात न होने के बाद भी शहर के कई वार्डों की सड़कों पर जल जमाव की स्थिति आज तक बनी हुई है जमा हुआ पानी सड़ाधं मारने लगा है और उसमें अनेक प्रकार के हानिकारक कीटाणु पनप चुके हैं । इसके अलावा समुचित साफ सफाई के अभाव में अनेक वार्डों की मुख्य नालियां भी पूरी तरह चोक हो गई है और उनमें हर समय जमा रहने वाले पानी में भी कई तरह के हानिकारक कीटाणु जीवन पा रहे हैं ।चिंताजनक पहलू तो यह है कि नगर निगम के दावों के मुताबिक ना तो कहीं फागिंग ही हो रही है और ना ही मच्छर का लार्वा नष्ट करने के लिए कीटनाशकों का छिड़काव ही किया जा रहा है। हां, कुछ सिलेक्टेड कॉलोनियो में फागिंग एवं कीटनाशकों के छिड़काव की रस्मअदाई करके उसकी तस्वीर और वीडियो सोशल मीडिया पर झूठी वहावाही लूटने के लिए अवश्य डाल दी गई है। आशय यह कि नगर निगम अपने द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों की तरह 'अंधा बांटे रेवड़ी चीन्ह चीन्ह कर देय' वाली कहावत डेंगू रोकथाम अभियान में भी चरितार्थ कर रहा है। साफ शब्दों में कहे तो अधिकारियों एवं एलीट क्लास लोगों के लिए नगर निगम का रवैया कुछ और है और गरीब जनता के लिए कुछ और । गरीब जनता के स्वास्थ्य संबंधी चिंता केवल सरकारी फाइलों में हो रही है और मुंह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा होने वाले लोगों के लिए सभी सरकारी योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही हैं। हालांकि 'उत्तरांचल दर्पण' के साथ हुई बातचीत में रुद्रपुर नगर निगम के मेयर ने नगर निगम द्वारा संचालित डेंगू रोकथाम अभियान के पूरी सक्रियता एवं व्यापकता के साथ जारी रहने का दावा किया, लेकिन धरातल के हालात बेहद विडंबना पूर्ण एवं शर्मिंदगी भरे हैं। जाहिर है कि जब तक सभी वार्डों में जल निकासी का समुचित प्रबंध नहीं किया जाएगा तब तक डेंगू जैसी संक्रामक बीमारियों से आमजन का बचाव,कम से कम सरकारी प्रयासों से तो मुश्किल ही है। हां, आमजन अगर अपने प्रयासों से ऐसी जान लेवा बीमारियों से बचाने में सफल हो जाए तो यह उनकी खुशकिस्मती होगी।



निगम द्वारा पूरे शहर में डेंगू निरोधक अभियान चलाया जा रहा है। फागिंग हो रही है। लार्वा नष्ट करने के लिए कीट नाशकों का छिड़काव करवाया जा रहा है ।जहां पानी जमा है वहां एंटी- लार्वा केमिकल डलवा रहे हैं। नगर निगम की टीम पार्षदों के सहयोग से वार्ड-वार्ड में जन जागरूकता अभियान चला रही है ।लोगों को बताया जा रहा है कि अपने आसपास साफ पानी न जमा होने दें।

**- रामपाल सिंह, मेयर**





# रम्पुरा का कन्हैया प्रतियोगिता में सौम्या कोली बनी विजेता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की, बोलो बांके बिहारी लाल की जय, जैसे गगनभेदी जयघोष के बीच रमपुरा में आयोजित रम्पुरा का कन्हैया प्रतियोगिता में सौम्या कोली ने बाजी मारी और वह विजेता घोषित की गई। इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं विधायक का चुनाव लड़ी श्रीमती मीना शर्मा के संयोजकत्व में चुन्नीलाल मंदिर, परमानंद आश्रम में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी से पूर्व रम्पुरा का कन्हैया प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें दो दर्जन नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रतिभाग किया, काफी मसक्कत के बाद निर्णायकों द्वारा सौम्या कोली को विजेता घोषित किया गया। विजेता घोषित होते ही आतिशबाजी और जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। 1000 से भी अधिक संख्या में आए श्रद्धालुओं ने बांके बिहारी लाल की जय, राधा कृष्ण की जय के जयघोष के बीच प्रतियोगिता आयोजक श्रीमती मीना शर्मा और परमानंद आश्रम के संरक्षक चुन्नीलाल कोली ने संयुक्त रूप से रम्पुरा का कन्हैया बनी सौम्या कोली को चांदी का मुकुट पहनाया, और फूल मालाएं पहनाकर विजेता रमपुरा का कन्हैया के साथ केक काटा। इस दौरान श्रीकृष्ण की आरती हुई, और सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक श्रीमती शर्मा ने जे पी एस कलर लैब के एमडी जगदीश टंडन, बीकानेर स्वीट्स के मोहन कुमार, राधेश्याम, रामकिशन शर्मा, लघु व्यापार मंडल के अध्यक्ष गुलशन नारंग, अशोक अदलखा, तिलक अदलखा, सहित प्रतियोगिता निर्णायक श्रीमती मंजू जैन, श्रीमती पूनम गुप्ता आदि का आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने प्रतियोगिता में भारी संख्या में आए लोगों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल शर्मा द्वारा किया गया।

## पालिकाध्यक्ष ने शिक्षकों को किया सम्मानित

गदरपुर( उद संवाददाता)। शिक्षक दिवस पर पालिका सभागार आयोजित कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस द्वारा 18 सेवानिवृत शिक्षकों को शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि आज शिक्षक द्वारा तैयार बच्चे वैज्ञानिक बनकर चांद की खोज कर रहे हैं। जिसे दुनिया को फायदा मिलने वाला है। सेवानिवृत शिक्षक रमेश चंद मौर्य ने कहा कि पालिकाध्यक्ष के रूप में उनके शिष्य गुलाम गौस ने जो सम्मान दिया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। सेवानिवृत शिक्षक सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी ने अपने कविता पाठ से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का संचालन बृजेश दुबे ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार, रामप्रसाद ध्यानी, पूरन सिंह चौहान, ब्रीत राज चावला, राकेश चौहान ,अमित शर्मा, मोबीन अली मौजूद रहे।



# रूद्रपुर में धूम मचाएगी भजन गायिका परविंदर पलक

## 11 को आदर्श कालोनी में होगा द्वितीय श्री बालाजी दरबार एवं श्याम संकीर्तन



रूद्रपुर( उद संवाददाता)। बाबा भक्त मण्डल की ओर से शहर में इस बार भी श्री बालाजी दरबार एवं श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन 11 सितम्बर को किया जाएगा। भजन संध्या में फतेहाबाद हरियाणा की मशहूर टीसीरिज भजन गायिका परविंदर पलक और रूद्रपुर के प्रसिद्ध भजन गायक अमन सांवरिया बालाजी महाराज और श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। जानकारी देते हुए बाबा भक्त मण्डल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल ने बताया कि गत वर्ष पहली बार बाबा भक्त मण्डल की ओर से आदर्श कालोनी में विशाल दरबार और भंडारा आयोजित किया गया था जिसमें भजन गायिका मोना मेहता ने धूम मचाई थी। बाबा भक्त मण्डल का पहला कार्यक्रम यादगार रहा था। इस बार भी द्वितीय श्री बालाजी दरबार एवं श्री श्याम संकीर्तन को भव्य और यादगार बनाने के लिए जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। बाबा भक्त मण्डल से जुड़े सभी धर्मप्रेमी आयोजन को सफल बनाने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं। श्री मुंजाल ने बताया कि 11 सितम्बर को शाम सात बजे से सुविधा होटल के सामने जी मार्ट के निकट श्री बालाजी दरबार और श्री श्याम संकीर्तन शुरू होगा। दरबार से पूर्व विशाल भण्डारा भी आयोजित किया जायेगा। भजन संध्या में धूम मचाने के लिए इस बार हरियाणा की मशहूर टी-सीरीज भजन गायिका परविंदर पलक और रूद्रपुर के प्रसिद्ध भजन गायक अमन सांवरिया को आमंत्रित किया गया है। भजन संध्या का शुभारम्भ शहर के वरिष्ठ उद्योगपति एवं समाजसेवी हरीश मुंजाल द्वारा किया जाएगा। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, मेयर रामपाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, समाजसेवी बंसीधर गुम्बर, समाजसेवी विजय भूषण गर्ग, समाजसेवी संजय ठुकराल को आमंत्रित किया गया है। जबकि यजमान की भूमिका में उद्योगपति एवं समाजसेवी विजय अग्रवाल व राजेन्द्र कुमार मैनी रहेंगे। दरबार में अनंत ज्योति, आलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, छप्पनभोग एवं फूलों की होली आकर्षण का केन्द्र रहेंगे श्री मुंजाल ने शहर एवं आस पास के सभी धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा का गुणगान सुनने की अपील की है।

# पारदर्शिता से कराएं जायेंगे रुद्रपुर व्यापार मंडल चुनाव

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। सिटी क्लब में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल व मुख्य चुनाव अधिकारी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि रुद्रपुर व्यापार मंडल चुनाव चुनाव जल्द ही कराए जायेंगे। चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ होंगे। उन्होंने बताया कि एक सितंबर से सदस्यता अभियान जारी है ,यह अभियान 30 सितंबर चलेगा। पदाधिकारियों ने बताया कि बड़ा व्यापारी हो या छोटा सदस्यता लेने के लिए निर्धारित शुल्क जमा कर रशीद प्राप्त कर लेंगे। व्यापारी चुनाव के समय उसी रशीद से मतदान कर सकेंगे । बिना रसीद के मतदान नहीं कर सकेंगे। इस लिए व्यापारी रसीद साथ लेकर आएं। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुडडी,जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंसपाल, मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क ने कहा कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी कराया जाएगा। संगठन से जुड़ने के लिए एक सितंबर से 30 सितंबर तक कोई भी व्यापारी चाहे ट्रांजिट कैंप, रंपुरा आदि का हो सभी 150 रुपये का सदस्यता शुल्क जमा कर जुड़ सकते हैं। कहा कि एक फर्म में यदि चार सदस्य हैं तो चार ही मतदान करेंगे। यदि किसी व्यापारी के चार फर्म है और उसके कार्यकर्ता चार हैं तो इतने ही वोट पड़ेंगे।जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने बताया कि दशहरा तक चुनाव करा लिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ सहायक चुनाव अधिकारी के तौर सुरेंद्र रज्जी समेत अन्य चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं। पत्रकार वार्ता के समय जिला कोषाध्यक्ष विनीत जैन भी मौजूद थे ।

